एनएमडीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
NMDC Limited
(A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE)

पंजीकृत कार्यालय : 'खनिज भवन', 10-3-311/ए,
कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद - 500 173.

Regd. Office : 'Khanij Bhavan' 10-3-311/A,
Castle Hills, Masab Tank, Hyderabad-500 173.

21.08.2009

प्रेस नोट

एनएमडीसी की पन्ना हीरा परियोजना जो एशिया की एकमात्र यंत्रीकृत खान है, बंद होने के चार वर्ष के बाद लंबे प्रयासों से भारत के सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति से पुनःप्रारंभ की जा रही है। माननीय केन्द्रीय इस्पात मंत्री श्री वीरभद्र सिंह ने दिनांक 21 अगस्त 2009 को इस परियोजना को श्री साई प्रताप, माननीय केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री, तथा श्री जीतेन्द्र सिंह बुंदेला, सांसद, खजुराहो, श्री हरी शंकर खटीक, प्रभारी मंत्री, पन्ना जिला, श्री श्रीकांत दुबे, विधायक, पन्ना, श्री ब्रिजेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक, पोवाई एवं श्री पी.के.रस्तोगी, सचिव इस्पात मंत्रालय , भारत सरकार की भव्य उपस्थिति में राष्ट्र की सेवा में पुनःसमर्पित किया है ।

इस परियोजना से हीरों का उत्पादन पुनः प्रारंभ कर चरणबद्ध प्रक्रिया में इसके विकास के साथ वर्ष में एक लाख कैरेट की उत्पादन क्षमता तक ले जाने की एनएमडीसी की योजना है

एनएमडीसी लिमिटेड, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय व अन्य सांविधिक प्राधिकारों द्वारा लगाई गई शर्तों के अनुपालन पर विशेष ध्यान दे रहा है। पन्ना हीरा खदान से खनन प्रक्रिया का यह लाभ है कि यह सीधा नीचे की ओर है और एकमात्र गर्त तक प्रतिबंधित है अतः इससे कोई ऊपरी मृदा उत्पन्न नहीं होगी। आठ चेक डैम और टेलिंग डैम बनाए जा चुके हैं, जिनमें कोई अवपंक/गारा नहीं है और उत्पादन के दौरान उत्पन्न अवपंकों के संग्रहण के लिए ये सहायक होंगे। साथ ही, खानों व ढ़ेरों के आसपास में मालाकृत निकासी बनाई जा रही हैं ताकि गैर-खनन क्षेत्रों में कोई क्षरण न हो।

औद्योगिक अपशिष्ट पानी को समुचित ढ़ंग से संग्रहित किया जाएगा और प्रवाही उपचार संयंत्र में इनका उपचार किया जाएगा। खान क्षेत्र के आसपास में लगभग 1.4 लाख पौधे लगाए गए हैं वन प्राधिकारों के साथ परामर्श कर प्रति हेक्टेयर 25,000 पौधे की दर से नियमित पौधारोपण की योजना बनाई गई है। वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण उपायों का एक बाह्य विशेषज्ञ एजेंसी द्वारा अनुवीक्षण किया जा रहा है। जलाऊ लकडी के प्रयोग को दूर करने के लिए सभी कर्मचारियों को एलपीजी कनेक्शन दिया जा रहा है।

अगले पांच वर्षों के लिए , एनएमडीसी मझगवाँ एवं बडोर गांवों में आर्थिक विकास समिति को पर्याप्त सहायता राशि प्रदान करेगा ।

एनएमडीसी की सक्रिय मौजूदगी से खान के आसपास के क्षेत्र के विकास व कल्याण में योगदान होगा। कंपनी द्वारा परियोजना अस्पताल में निःशुल्क उपचार के लिए गांववासियों को चिकित्सा कार्ड जारी किया

दूरभाष / PHONES : 23538713-21 (9 Lines), 23538723, 23538767 फैक्स / Fax : +91-40-23538711,
ई-मेल / E-mail : hois@nmdc.co.in वेबसाइट / Website : www.nmdc.co.in

गया है। साथ ही, गांवों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते हैं। बडोर गांव को पानी की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। खान के आसपास के गांवों के गरीबी परिवार के बच्चों को शिक्षा सहायता प्रदान की जा रही है। ग्यारह बैचों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। एनएमडीसी ने गावों के लाभार्थ एक विद्यालय, एक आंगनवाडी भवन, एक पेयजल टंकी एवं एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया है।

एनएमडीसी की मध्यप्रदेश राज्य के अन्य क्षेत्रों में विस्तार की योजना है। कंपनी ने मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हीरों व कोयले हेतु रिकानैजेशन पर्मिट्स एवं प्रॉस्पेक्टिंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया है ।

कुमार राघवन

(कुमार राघवन)
अधिशासी निदेशक(नैगम संचार)